	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	अग्रहायण 12, बुधवार, *शाके* 1947- दिसम्बर 03, 2025 Agrahayana 12, Wednesday, Saka 1947- December 03, 2025	

भाग-7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुये सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग

अधिसूचना

जयपुर अक्तूबर 13, 2025

संख्या रा.वि.वि. आयोग/सचिव/विनियम/ 159 :-विद्युत अधिनियम 2003 (2003 का 36वांअधिनियम) की धारा 61, 66, 86 (1)(ई) सपठित धारा 181 द्वारा प्रदत्त शक्तियों और उस निमित उसे समर्थ बनाने वाली समस्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग, पूर्व प्रकाशन के पश्चात्, ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणालीयों के लिये एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है:

1 लघुशीर्षक, प्रारम्भण तथा प्रयोज्यता की सीमा:

(1) ये विनियम "राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र) (तृतीय संशोधन) विनियम, 2025" कहलायेंगे।

(2) ये विनियम शासकीय राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त् होंगे।

2. विनियम **2** में संशोधन:

(1) विद्यमान उप-विनियम2.1 (ञ) को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जायेगा:

''(ञ)''पात्र उपभोक्ता'' या ''सहभागी उपभोक्ता'' से तात्पर्य वितरण अनुज्ञप्तिधारी के आपूर्ति क्षेत्र कें विद्युत के किसी उस उपभोक्ता से होगा, जो नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली का उपभोक्ता की स्वयं की सभी वैद्युतीय आवश्यकताओंके किसी भी भाग के लिये नहीं या सभी या कुछ भाग को ऑफ सेट करने के लिए उपयोग करता है या उपयोग करना प्रस्तावित करता है यह देखते हुए कि ऐसी प्रणाली का स्वामित्व और/या ऐसे उपभोक्ता या वितरण अनुज्ञप्तिधारी या रेस्को द्वारा संचालित किया जा सकता है।''

(2) उप-विनियम2.1 (व) के पश्चात् निम्नलिखित नयीपरिभाषायें जोड़ी जायेगी:

"2.1(श) ''वर्चुअल नेट मीटरिंग (वीएनएम)'' का अभिप्राय ऐसी व्यवस्था से है जिसके अंतर्गत एकल स्थान पर स्थित नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली या नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली के माध्यम से चार्ज की गयी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) से उत्पन्न/अंत:क्षेप की गयी संपूर्ण ऊर्जा को नवीकरणीय ऊर्जा मीटर/सकल मीटर से ग्रिड में निर्यात किया जाता है और निर्यातित ऊर्जा को उसी वितरण अनुज्ञप्तिधारी के आपूर्ति क्षेत्र में स्थित सहभागी उपभोक्ताओं के एक से अधिक विद्युत सेवा कनेक्शनों में समायोजित किया जाता है;''

''2.1(ष)'' ग्रुप नेट मीटरिंग (जीएनएम)" का अभिप्राय ऐसी व्यवस्था से है जिसके अंतर्गत एकल स्थान पर स्थित नवीकरणीयऊर्जा प्रणाली या नवीकरणीयऊर्जा प्रणाली के माध्यम से चार्ज की गयी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) से उत्पन्न/अंत:क्षेप की गयी अतिरिक्तऊर्जा को नेट मीटर के माध्यम से ग्रिड में निर्यात किया जाता है और निर्यातित ऊर्जा को उसी वितरण अनुज्ञप्तिधारी के आपूर्ति क्षेत्र में

स्थित उसी उपभोक्ता के एक से अधिक विद्युत सेवा कनेक्शनों में समायोजित किया जाता है;

"2.1(स)"प्रमुख उपभोक्ता" का अभिप्राय उस व्यक्ति से है जो स्वयंसहभागी उपभोक्ता है तथा जिसे अन्यसहभागी उपभोक्ताओं द्वारा वर्चुअल नेट मीटरिंग के अंतर्गतवितरण अनुज्ञप्तिधारी के साथ उनकी ओर से सभी पत्राचार करने के लिये नामित किया गया है।

प्रमुख उपभोक्ता के उत्तरदायित्व:

i. वह वर्चुअल नेट मीटरिंगके अंतर्गतसहभागी उपभोक्ताओं में से एक होगा/होगी तथा सहभागी उपभोक्ताओं की ओर से नेट मीटरिंग समझौते पर हस्ताक्षरकर्ता होगा/होगी।

ii. वहवितरण अनुज्ञप्तिधारी के साथ सभी पत्राचार के लिये नोडल व्यक्ति के रूप में कार्य करेगा/करेगी।

iii. प्रमुख व्यक्ति में किसी भी परिवर्तन की सूचना सभी सहभागी उपभोक्ताओं की स्वीकृति के साथ लिखित रूप में दी जानी चाहिये।"

3. **विनियम** 3 **में संशोधन**:

(1) विद्यमान उप-विनियम3.2 के मूल प्रावधान को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जायेगा:

(क) नेट मीटरिंग व्यवस्थाये,

(ख) नेट बिलिंगव्यवस्थाये,

(ग) ग्रुपनेट मीटरिंग

(घ) वर्चुअल नेट मीटरिंग

(ड़) पीयर टू पीयर (पी2पी) ट्रेडिंग

(च) मीटर के पीछे सम्बद्ध ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली और वितरण अनुज्ञप्तिधारी के ग्रिड के साथ समानान्तर संचालित हो रही हो और जिसने नेट मीटरिंग व्यवस्था या नेट बिलिंग व्यवस्था या वर्चुअल नेट मीटरिंगया ग्रुप नेट मीटरिंग के विकल्प का चयन नहीं किया है:

(छ) प्लग एंड प्ले सौर प्रणाली

(2) उप-विनियम3.4 के विद्यमान परन्तुकों के नीचे निम्नलिखित नये परन्तुक जोड़े जायेगे:

"बशर्ते यह भी कि उपभोक्ता जिसने नेट मीटरिंग व्यवस्था के लिये विकल्प चुना है, को विद्यमान कनेक्शन समझौते के समाधान के पश्चात् ही जीएनएम या वीएनएम में प्रविष्ट होने की अनुमति दी जायेगी।

बशर्ते यह भी कि नेट बिलिंग व्यवस्था वाला कोई प्रोज्यूमर इन विनियमों के अधीन वर्चुअल नेट मीटरिंग या ग्रुप नेट मीटरिंग व्यवस्था के लिये हकदार नहीं होगा।"

4. विनियम 4 में संशोधन:

(1) विद्यमान उप-विनियम4.1 के मूल प्रावधान को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जायेगा:

"4.1 वितरण अनुज्ञप्तिधारी, उस उपभोक्ता, जो इसके आपूर्ति के क्षेत्र में पारस्परिक वितरित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली अधिष्ठापित करने की इच्छा व्यक्त करता है, को नेट बिलिंग व्यवस्था, नेट मीटरिंग व्यवस्था, ग्रुप नेट मीटरिंग या वर्चुअल नेट मीटरिंग के प्रावधान, अभेदात्मक तथा "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर अनुमत करेगा।"

(2) विद्यमान उप-विनियम 4.2 को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जायेगा:

"वितरण अनुज्ञप्तिधारी के पास बकाया राशि वाले उपभोक्ता इन विनियमों के अधीन नेट बिलिंग व्यवस्था, नेट मीटरिंग व्यवस्था, ग्रुप नेट मीटरिंग या वर्चुअल नेट मीटरिंग के लिये पात्र नहीं होंगे:

बशर्ते कि जब वितरण अनुज्ञप्तिधारी और उपभोक्ता के मध्यविद्युत शुल्क से संबंधित कोई विवाद हो, तो ऐसे उपभोक्ताओं को विवाद के निपटारे की अवधि के दौरान, अधिनियम की धारा 56 के अनुसारविवादित राशि वितरण अनुज्ञप्तिधारी के पास जमा कराने पर, नेट मीटरिंग, नेट बिलिंग, ग्रुप नेट मीटरिंगया वर्चुअल नेट मीटरिंग व्यवस्था की अनुमति दी जायेगी।

बशर्ते यह भी कि बकाया राशि के लंबित होते हुए भी, सरकारी कनेक्शनों को सशर्त सहभागिता की अनुमति दी जा सकेगी, जो ऐसी व्यवस्थाओं और शर्तों के अधीन होगी, जिन्हें डिस्कॉम्स के लिये उचित समझा जा सकेगा ।"

5. विनियम 5 में संशोधन:

इस विनियम में शब्दों "नेट मीटरिंग" को शब्दों "नेट मीटरिंग या जीएनएम या वीएनएम" से प्रतिस्थापित किया जायेगा।

6. विनियम 6 में संशोधन:

(1) विद्यमान उप-विनियम 6.2 को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जायेगा:

वितरण अनुज्ञप्तिधारी नेट बिलिंग व्यवस्था, नेट मीटरिंग व्यवस्था, ग्रुप नेट मीटरिंग या वर्चुअल नेट मीटरिंग के अन्तर्गत नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली को जोड़ने के लिये उपलब्ध वितरण ट्रांसफार्मर स्तर की क्षमता के बारे में सूचना को वार्षिक आधार पर अद्यतन करेगा और सूचना को अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित करेगा।

7. विनियम 7 में संशोधन:

(1) विद्यमान उप विनियम 7.1 और 7.3 में शब्दों "नेट बिलिंग व्यवस्था या नेट मीटरिंग व्यवस्था" को शब्दों "नेट बिलिंग व्यवस्था, नेट मीटरिंग व्यवस्था, ग्रुप नेट मीटरिंग या वर्चुअल नेट मीटरिंग" से प्रतिस्थापित किया जायेगा।

(2) नया उप-विनियम 7.7 निम्नानुसार जोड़ा जायेगा:

"ग्रुप नेट मीटरिंग और वर्चुअल नेट मीटरिंग कनेक्शन के अंतर्गत पात्र उपभोक्ताओं/प्रोज्यूमर्स को खुली पहुंच की अनुमति लाभार्थी उपभोक्ताओं/उसी उपभोक्ता,यथास्थिति के कनेक्शनों को केवल ऊर्जा के वहन (व्हीलिंग) के उद्देश्य से दी जायेगी।

इन विनियमों के अंतर्गत अनुमत रेस्को मॉडल के सिवाय, नेट मीटरिंग,गुरुप नेट मीटरिंग, वर्चुअल नेट मीटरिंग और नेट बिलिंग व्यवस्था के अंतर्गत तृतीय पक्ष विक्रय की अनुमति नहीं दी जायेगी।

वर्चुअल नेट मीटरिंग या गुरुप नेट मीटरिंग कनेक्शन के मामले में, लाभार्थी उपभोक्ताओं पर इन विनियमों के विनियम 15 में यथा निर्दिष्ट प्रभार और हानि उद्ग्रहित की जायेगी।"

8. विनियम 8 में संशोधन:

विद्यमान उप-विनियम *8.8* को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जायेगा*:*

"नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणालियों के संस्थापन के लिये, तकनीकी व्यवहार्यता का अध्ययन पंद्रह दिनों की अवधि के भीतर पूर्ण किया जायेगा और अध्ययनों का परिणाम आवेदक को सूचित किया जायेगा, ऐसा न हो सकने पर यह माना जायेगा कि प्रस्ताव तकनीकी रूप से व्यवहार्य है।

बशर्ते कि केवल घरेलू श्रेणी के अंतर्गत, नेट मीटरिंग यावर्चुअल नेट मीटरिंग या ग्रुप नेट मीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत 10 किलोवाट क्षमता तक की नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणालियों के लिये सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन की आवश्यकता के बिना स्वीकार किया माना जायेगा और उपभोक्ता के स्वीकृत भार में कोई भी आनुपातिक वृद्धि, जो भी आवश्यक हो, वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा की जायेंगी। घरेलू श्रेणी के अतिरिक्त अन्य श्रेणी के अंतर्गत आने वाले कनेक्शनों के लिये, ऐसी कोई स्वीकार्यव्यवहार्यता की सुविधा नहीं दी जायेगी।

बशर्ते यह भी किवर्चुअल नेट मीटरिंग या ग्रुप नेट मीटरिंग के लिये, *विद्यमान उपभोक्ताओं या प्रणाली से पहले से* संबद्ध उत्पादन प्रणाली के मामलें में, तकनीकी व्यवहार्यता का अध्ययन पंद्रह दिनों की अवधि के भीतर पूर्ण किया जायेगा और

अध्ययनों का परिणाम आवेदक को सूचित किया जायेगा, ऐसा न हो सकने पर यह माना जायेगा कि प्रस्ताव तकनीकी रूप से व्यवहार्य है।

बशर्ते यह भी किवर्चुअल नेट मीटरिंग या ग्रुप नेट मीटरिंग के लिये, *नये उपभोक्ताओं या* उत्पादन प्रणाली द्वारा नयी संयोजकता चाहने के मामलें में, तकनीकी व्यवहार्यता का अध्ययन तीस (30) दिनों की अवधि के भीतर पूर्ण किया जायेगा और अध्ययनों का परिणाम आवेदक को सूचित किया जायेगा, ऐसा न हो सकने पर यह माना जायेगा कि प्रस्ताव तकनीकी रूप से व्यवहार्य है।

बशर्ते यह भी कि वर्चुअल नेट मीटरिंगया ग्रुप नेट मीटरिंग के लिये, उपभोक्ता या उत्पादन प्रणाली से कनेक्टिविटी,वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उस तिथि से तीस (30) दिनों के भीतर प्रदान की जायेगी, जिस दिन उपभोरक्ता या उत्पादन प्रणाली को तकनीकी रूप से व्यवहार्य घोषित किया जाता है या तकनीकी रूप से व्यवहार्य माना जाता है, जैसा भी मामला हो।

9. विनियम 9.1 एवं 9.2 में संशोधन*:*

इस विनियम में शब्दों “नेट मीटरिंग” को शब्दों “नेट मीटरिंग या ग्रुप नेट मीटरिंग या वर्चुअल नेट मीटरिंग” से प्रतिस्थापित किया जायेगा।

10. विनियम 10 में संशोधन:

नया उप-विनियम 10.15 निम्नानुसार जोड़ा जायेगा:

“10.15. इन विनियमों के अनुलग्नक-VIIया समय-समय पर सीईए/विद्युत मंत्रालय(एमओपी) द्वारा निर्दिष्ट किये गये किसी अन्य मानक के अनुसार बीईएसएस के तकनीकी मानक और विद्युत गुणवत्ता मानक होंगे।”

11. विनियम 12 में संशोधन:

नया उप-विनियम 12.6 (अ) निम्नानुसार जोड़ा जायेगा:

" ग्रुप और वर्चुअल नेट मीटरिंग व्यवस्था:

12.6(अ).1 पात्र उपभोक्ता इन विनियमों में निर्दिष्ट ग्रुप नेट मीटरिंग व्यवस्था और वर्चुअल नेट मीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली स्थापित कर सकता है,बशर्ते कि प्रणाली,

(क) इन विनियमों के अंतर्गतयथा परिभाषित अनुमेय तकनीकी सीमाओं के भीतर हो।

(ख) वितरण अनुज्ञप्तिधारी के नेटवर्क के समानांतर सुरक्षित रूप से संचालित हो।

बशर्ते कि गुरप नेट मीटरिंगव्यवस्था और वर्चुअल नेट मीटरिंग व्यवस्था सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं पर लागू होगी।

12.6(अ).2. नवीकरणीयऊर्जा सेवा कंपनी (रेस्को) के स्वामित्व वाली नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणालीयायूटिलिटी लेड एग्रीग्रेटर द्वारा विकसित या स्वामित्व वाली नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली के माध्यम से इन विनियमों में निर्दिष्ट ग्रुप नेट मीटरिंगव्यवस्था और वर्चुअल नेट मीटरिंगव्यवस्था की अनुमति होगी:

इन विनियमों में निर्दिष्ट किसी भी व्यवस्था के अंतर्गतनवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली स्थापित करने के लिये पारस्परिक वाणिज्यिक व्यवस्था के अंतर्गत कोई भी भू-स्वामी रेस्को या यूटिलिटी संचालित एग्रीग्रेटर को रूफटॉप स्थान/भूमि/जल निकाय पट्टे/किराये पर दे सकता है। रेस्को मोड के अंतर्गत ऐसी

पारस्परिक वाणिज्यिकव्यवस्था में वितरण अनुज्ञप्तिधारी की कोई भूमिका नहीं होगी।

12.6(अ).3. स्थापित की जाने वाली अधिकतम नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणालीक्षमता,सहभागी उपभोक्ताओं/कनेक्शनों की संचयी स्वीकृत भार/अनुबंध मांग के 100% से अधिक नहीं होगी:

बशर्ते कि,व्यक्तिगत सहभागी उपभोक्ता/कनेक्शन की पात्र स्वीकृत भार/अनुबंध मांग को उसके स्वीकृत भार/अनुबंध मांग तक अनुमति दी जायेगी।

बशर्ते कि नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणालियों की क्षमता राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग(विद्युत आपूर्तिकोड एवं संबंधित मामले) विनियम, 2021 और पश्चातवर्ती संशोधनों के अंतर्गत स्वीकृत भार/अनुबंध मांग से संबंधित प्रावधानों के अनुरूप होगी।

12.6(अ).4. वर्चुअल नेट मीटरिंग या ग्रुप नेट मीटरिंगके अंतर्गत स्थापित की जाने वाली नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली की क्षमता निम्नलिखित शर्तों के अधीन एक किलोवाट से अधिक होगी:

बशर्ते कि, स्थापित की जाने वाली नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली की क्षमता इन विनियमों के अंतर्गत निर्दिष्ट वर्चुअल नेट मीटरिंग या गुरप नेट मीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत एक मेगावाट तक होगी:

बशर्ते यह भी कि, यदि पात्र उपभोक्ता एक मेगावाट से अधिक क्षमता वाली नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली स्थापित करना चाहता है, तो ऐसी व्यवस्था के नियम और शर्तें राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीयऊर्जा

स्रोतों से टैरिफ निर्धारण के लिये नियम और शर्तें) विनियम, 2020 और पश्चातवर्ती संशोधनों और आरईआरसी (हरित उर्जा खुली पहुंच लिये नियम और शर्तें) विनियम, 2025 और पश्चातवर्ती संशोधनों के अनुसार शासित होंगी।

बशर्ते यह भी कि 100 किलोवाट या उससे अधिक तथा 1 मेगावाट तक की अनुबंध मांग वाले उपभोक्ता वर्चुअल नेट मीटरिंग/ग्रुप नेट मीटरिंगया हरित उर्जा खुली पहुंच के विकल्प का चयन कर सकते हैं।

12.6(अ).5. ग्रुप नेट मीटरिंगव्यवस्था के अंतर्गत उपभोक्ता परिसर में स्थापित की जाने वाली अधिकतम नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणालीक्षमता भी संबंधित वितरण ट्रांसफार्मर की संचयी क्षमता के अधीन होगी, जिसका पहले से ही उपयोग किया जा चुका है, जैसा कि इन विनियमों में निर्दिष्ट है।

12.6(अ).6. ग्रुप नेट मीटरिंग के विकल्प का चयन करने वाले एचटी (11 केवी और अधिक) उपभोक्ता, अपने एलटी बस बार सिस्टम पर इन विनियमों के अंतर्गत ऐसी अनुमत नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली स्थापित और कनेक्ट कर सकते हैं:

बशर्ते कि ऐसे मामलों में नेट मीटर उपभोक्ता के ट्रांसफार्मर के एचटी साइड पर स्थापित किया जायेगा।

12.6(अ).7. ग्रुप नेट मीटरिंग के अंतर्गत पात्र उपभोक्ता उचित प्रक्रिया का पालन करने और संबंधित वितरण अनुज्ञप्तिधारी को सूचित करने के पश्चात्, नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणालियों की स्थापना याक्षमता में वृद्धिया उन्नयन कर सकता है:

बशर्ते कि एक ही परिसर के भीतर ऐसी प्रणालियों की कुल क्षमता इन विनियमों में निर्दिष्ट क्षमता सीमा से अधिक नहीं होगी।

12.6(अ).8. पात्र उपभोक्ता जो ग्रुप नेट मीटरिंग या वर्चुअल नेट मीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली को स्थापित करने का प्रस्ताव करता है, उसे विनियम 8 में निर्दिष्ट आवेदन की प्रक्रियाओं का पालन करना होगा और आवेदन पत्र (अनुलग्नक-IV-सी में मॉडल फॉर्म) जिसे वितरण अनुज्ञप्तिधारी अपनी वेबसाइट पर अधिसूचित करेगा, में आवेदन करना होगा।

12.6(अ).9. नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली की वितरण नेटवर्क के साथ कनेक्टिविटी के अनुमोदन के पश्चात्, लेकिन विनियम 9 में निर्दिष्ट प्रणाली से वास्तविक उत्पादन शुरू होने से पूर्व, वितरण अनुज्ञप्तिधारी और पात्र उपभोक्ता गुरप नेट मीटरिंग व्यवस्थाया वर्चुअल नेट मीटरिंगके लिये कनेक्शन समझौता करेंगे। वर्चुअल नेट मीटरिंग कनेक्शन समझौता और गुरप नेट मीटरिंग कनेक्शन समझौता का मॉडल अनुबंध अनुलग्नक-IV-डी पर उपलब्ध है।

12.6(अ).10. वर्चुअल नेट मीटरिंगव्यवस्था और ग्रुप नेट मीटरिंगव्यवस्था के अंतर्गत स्थापित सभी नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली और संबद्ध उपकरण विनियम 10 में निर्दिष्ट मानकों और आवश्यकताओं के अनुरूप होंगे।

12.6(अ).11. ग्रुप नेट मीटरिंग और वर्चुअल नेट मीटरिंगके अंतर्गत सभी मीटरिंग प्रणालियां विनियम 11 और सीईए(मीटरों की स्थापना और संचालन) विनियम, 2006 और पश्चात्वर्ती संशोधनों में निर्दिष्ट प्रावधान के अनुसार होंगी।

गुरप नेट मीटरिंग के लिये लेखांकन:

12.6(अ).12. ग्रुप नेट मीटरिंग के मामले में,ऊर्जा लेखांकन और निपटान निम्नानुसार किया जायेगा:

(क) यदि उपभोक्ता द्वारा निर्यात की गयी विद्युत की मात्रा, बिलिंग अवधि के दौरान उस कनेक्शन पर आयातित मात्रा से अधिक है जहां नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली स्थित है, तो अतिरिक्त मात्रा को उपभोक्ता द्वारा प्रदान की गयी प्राथमिकता सूची में दर्शाये गये अनुक्रम में सेवा कनेक्शन के मासिक बिल में उपभोगित ऊर्जा के विरुद्ध समायोजित किया जायेगा। समायोजन के लिऐ प्राथमिकता का क्रम उस सेवा कनेक्शन से प्रारम्भ माना जायेगा जहां सौर परियोजना स्थित है।

(ख) अन्य विद्युत कनेक्शन के विरुद्ध शेष अधिशेष ऊर्जा के समायोजन के लिये प्राथमिकता सूची को सहभागी उपभोक्ता द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में दो माह की अग्रिम सूचना के साथ केवल एक बार संशोधित किया जा सकेगा,

(ग) यदि गुरप नेट मीटरिंगके अंतर्गत सेवा कनेक्शन की बिलिंग अवधि के दौरान विद्युत की समायोजित अतिरिक्त मात्रा आयातित मात्रा से अधिक है, तो अतिरिक्त मात्रा को वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा विनियम 12.6.1(ए) में संशोधन सहित निर्दिष्टानुसार क्रय किया जायेगा।

(घ) दिन के समय(टीओडी) उपभोक्ताओं के लिये: किसी भी समय ब्लाक (जैसे, व्यस्तत्म घंटे, अव्यस्त घंटे, आदि) में नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणालियों में विद्युत अंत:क्षेपण की मात्रा को पहले उपभोक्ता के उसी बिलिंग चक्र में संबंधित समय खंडों में आयातित विद्युत की मात्रा के साथ प्रतिपूर्ति की जायेगी जहां नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली स्थित है, और किसी भी समय ब्लाक में अंत:क्षेप की गयी किसी भी अतिरिक्तऊर्जा

को उपभोक्ता द्वारा प्रदान की गयी प्राथमिकता सूची में दर्शाये गये अनुक्रम में सेवा कनेक्शन के मासिक बिल में ऊर्जा आहरण के विरूद्ध समायोजित किया जायेगा, जैसे कि अतिरिक्तऊर्जा क्रेडिट दिन के समय(टीओडी) उपभोक्ताओं के लिये अव्यस्त समय ब्लॉक के दौरान हुआ था। इस प्रकार अंत:क्षेपित अतिरिक्तऊर्जा के निपटान का क्रम न्यूनतम टैरिफ से उच्चतम टैरिफ टीओडी समय ब्लॉक तक होगा।

(ड़) जहां सेवा कनेक्शन, जहां नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली स्थित है, वर्तमान में लागू किसी भी कानून के अंतर्गत किसी भी कारण से डिस्कनेक्ट/विच्छेद हो जाता है, उस उपभोक्ता की असमायोजित इकाइयों/शेष क्रेडिट का भुगतान वित्तीय वर्ष के अंत में वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किया जायेगा और उस सेवा कनेक्शन के किसी भी लंबित बकाया के निपटान के अधीन होगा, जैसा कि विनियम 12.6.1(ए) में संशोधन सहित निर्दिष्ट कियागया है।

(च) यदि किसी बिलिंग अवधि के दौरान पात्र उपभोक्ता द्वारा आयातित विद्युत इकाइयों की मात्रा निर्यातित/आबंटित मात्रा से अधिक है, तो उपभोगित शुद्ध विद्युत को समय-समय पर संशोधित विनियम 12.6.1(बी) के अनुसार व्यवहृत किया जायेगा।

वर्चुअल नेट मीटरिंग के लिये लेखांकन:

12.6(अ).13. वर्चुअल नेट मीटरिंग के मामले में,ऊर्जा लेखांकन और निपटान निम्नानुसार किया जायेगा:

(क) उपभोक्ता(ओं) द्वारा स्टाम्प पेपर पर किये गये समझौते/एमओयू के अंतर्गत निर्दिष्ट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली से क्रय के अनुपात के अनुसार,नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली से उत्पन्न ऊर्जा को प्रत्येक सहभागी उपभोक्ता(ओं) के मासिक विद्युत बिल में क्रेडिट किया जायेगा और वितरण अनुज्ञप्तिधारी को प्रस्तुत किया जायेगा;

(ख) वित्तीय वर्ष के आरंभ में दो माह की अग्रिम सूचना के साथ केवल एक बार स्टाम्प पेपर पर नया समझौता/एमओयूप्रस्तुत करके, उपभोक्ता(ओं) के पास नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली से विद्युत के क्रेडिट के अंश को परिवर्तित करने का विकल्प होगा;

(ग) सहभागी उपभोक्ता(ओं)के मध्य वर्चुअल नेट मीटरिंगके अंतर्गत नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली की स्थापना और संचालन के लिये वाणिज्यिकव्यवस्था पारस्परिक सहमति से होगी और ऐसी वाणिज्यिकव्यवस्था में वितरण अनुज्ञप्तिधारी की कोई भूमिका नहीं होगी।

ऐसे उपभोक्ता(ओं) के लिये, यदि विद्युत की समायोजित अतिरिक्त मात्रा, वर्चुअल नेट मीटरिंगके अंतर्गत किसी भी सहभागी उपभोक्ता के लिये बिलिंग अवधि के दौरान आयातित मात्रा से अधिक है, तो अतिरिक्त मात्रा को वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा विनियम 12.6.1(ए) में संशोधन सहित निर्दिष्टानुसार क्रय किया जायेगा।

(घ) दिन के समय(टीओडी) उपभोक्ताओं के लिये: किसी भी समय ब्लॉक (जैसे व्यस्ततम घंटे, अव्यस्त घंटे, आदि) में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन

प्रणालियों में उत्पन्न ऊर्जा की मात्रा को पहले सहभागी उपभोक्ता के समान बिलिंग चक्र में संबंधित समय ब्लॉकों में विद्युत आहरण की मात्रा के साथ प्रतिपूर्ति की जायेगी, जो कि सहभागी प्रत्येक उपभोक्ता के लियेयथा निर्दिष्ट अनुपात के होगा। किसी बिलिंग चक्र में किसी भी समय ब्लॉक में आहरण से अधिक किसी भी अधिशेष उत्पादन को इस प्रकार लेखाबद्ध किया जायेगा मानो अधिशेष उत्पादन/ऊर्जा क्रेडिट दिन के समय(टीओडी) उपभोक्ताओं के लिये अव्यस्त समय ब्लॉक के दौरान हुआ हो। इस प्रकार की अंत:क्षेपित अतिरिक्त ऊर्जा के निपटान का क्रम न्यूनतम टैरिफ से उच्चतम टैरिफ टीओडी समय ब्लॉक का होगा।

(ड़) जहां किसी भी सहभागी उपभोक्ता(ओं) का सेवा कनेक्शन वर्तमान में लागू किसी भी कानून के अंतर्गत किसी भी कारण से डिस्कनेक्ट हो जाता है, उस उपभोक्ता की असमायोजित इकाइयों/शेष क्रेडिट का भुगतान वित्तीय वर्ष के अंत में वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किया जायेगा और यह विनियम 12.6.1(ए) में संशोधन सहित निर्दिष्ट उपभोक्ता(ओं) के किसी भी लंबित बकाया के निपटान के अधीन होगा;

(च) यदि किसी बिलिंग अवधि के दौरान पात्र उपभोक्ता द्वारा आयातित विद्युत इकाइयों की मात्रा निर्यातित/आबंटित मात्रा से अधिक है, तो उपभोगित शुद्ध विद्युत को समय-समय पर संशोधित विनियमन 12.6.1(बी) के अनुसार व्यवहृत किया जायेगा।

12.6(अ).14. इन विनियमों के अंतर्गत आवश्यकताओं की पूर्ति में विफलता के मामले में,नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणालीयावितरण अनुज्ञप्तिधारी,यथास्थिति,

समय-समय पर आयोगद्वारा यथा निण्र्ाीत जुर्माने के भुगतान करने के लिये उत्तरदायी होगा।"

12. *विनियम* 14.1 *में संशोधन*:

इस विनियम में शब्दों "नेट मीटरिंग" को शब्दों "नेट मीटरिंगया ग्रुप नेट मीटरिंगया वर्चुअल नेट मीटरिंग" से प्रतिस्थापित किया जायेगा।

13. *विनियम* 15 *में संशोधन*:

(1) नया उप-विनियम 15.4, 15.5, 15.6, 15.7 एवं 15.8 निम्नानुसार जोड़ा जायेगा:

"वीएनएम/जीएनएम के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ता (स्व-स्वामित्व वाले और रेस्को स्वामित्व वाले)

15.4 घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के लियेग्रुप नेट मीटरिंग व्यवस्थाया वर्चुअल नेट मीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली से उत्पादित विद्युत की मात्रा को सभी प्रभारों जैसे बैंकिंग प्रभार, ट्रांसमिशन प्रभार, ट्रांसमिशन हानियां, व्हीलिंग प्रभार, व्हीलिंग हानियां,क्रॉस सब्सिडी अधिभार और अतिरिक्त अधिभार से छूट दी जायेगी।''

"वीएनएम/जीएनएम के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं (स्व-स्वामित्व वाले) के अतिरिक्त अन्य

15.5 घरेलू श्रेणी के अतिरिक्त अन्य के लिये, वर्चुअल और गुरप मीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत स्व-स्वामित्व वाली नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली से उत्पन्न विद्युत की मात्रा, यदि पात्र उपभोक्ता परिसर में स्थापित हो, तो बैंकिंग प्रभार, ट्रांसमिशन

प्रभार,ट्रांसमिशन हानियां, व्हीलिंग प्रभार,क्रॉस सब्सिडी अधिभार, व्हीलिंग हानियांऔर अतिरिक्त अधिभार से छूट दी जायेगी।

बशर्ते कि वर्चुअल और गुरपमीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत स्व-स्वामित्व वाली नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली से उत्पन्न विद्युत की मात्रा, यदि अन्य स्थान पर स्थापित हो, तो बैंकिंग प्रभार, ट्रांसमिशन प्रभार, ट्रांसमिशन हानियां,क्रॉस सब्सिडी अधिभार और अतिरिक्त अधिभार से छूट दी जायेगी।

बशर्ते यह भी कि, यदि उत्पादन संयंत्र किसी अन्य स्थान पर स्थापित है, तो व्हीलिंग प्रभार और हानियां प्रयोज्य वोल्टेज स्तर के समतुल्य दर पर लागू होंगी और यदि इसका निर्धारण नहीं किया जाता है, तो 11 केवी स्तर के व्हीलिंग प्रभार और हानियां तब तक लागू होंगी जब तक इसका निर्धारण नहीं किया जाता है।

वीएनएम/जीएनएम के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं (रेस्को स्वामित्व वाले) के अतिरिक्त अन्य

15.6 घरेलू उपभोक्ता के अतिरिक्त अन्य वर्चुअल और गुरप मीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत रेस्को के स्वामित्व वाली नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली से उत्पन्न विद्युत की मात्रा, यदि पात्र उपभोक्ता परिसर में स्थापित हो, तो बैंकिंग प्रभार, ट्रांसमिशन प्रभार, ट्रांसमिशन हानियां, व्हीलिंग हानियां और व्हीलिंग प्रभार से छूट दी जायेगी।

बशर्ते कि घरेलू उपभोक्ता के अतिरिक्त अन्य वर्चुअल और गुरपमीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत रेस्को के स्वामित्व वाली नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली से उत्पन्न विद्युत की मात्रा, यदि अन्य स्थान पर स्थापित हो, तो बैंकिंग प्रभार, ट्रांसमिशन प्रभार और ट्रांसमिशन हानियों से छूट दी जायेगी।

बशर्ते यह भी कि, यदि उत्पादन संयंत्र किसी अन्य स्थान पर स्थापित है, तो व्हीलिंगप्रभार और हानियां प्रयोज्य वोल्टेज स्तर के समतुल्य दर पर लागू होंगी और यदि इसका निर्धारण नहीं किया जाता है, तो 11 केवी स्तर के व्हीलिंग प्रभार और हानियां तब तक लागू होंगी जब तक इसका निर्धारण नहीं किया जाता है।

बशर्ते यह भी कि, क्रॉस सब्सिडी अधिभार और अतिरिक्त अधिभार, वीएनएम/जीएनएम के अंतर्गत रेस्को के स्वामित्व वाली ऐसी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली के लिये लागू होगा, जो खुली पहुंच उपभोक्ताओं के लिये लागू क्रॉस सब्सिडी अधिभार और अतिरिक्त अधिभार के 50% की दर से लागू होगा।

बशर्ते यह भी कि उन उपभोक्ता श्रेणियों के मामले में जिनके लिये क्रॉस सब्सिडी अधिभार और अतिरिक्त अधिभार आयोगद्वारा निर्धारित नहीं कियागया है, ऐसे उपभोक्ताओं की श्रेणी के लिये अधिभार (क्रॉस सब्सिडी और अतिरिक्त अधिभार), 1.25 रुपये/किलोवाट घंटा की दर से लागू होगा, जब तक कि आयोग द्वारा पृथक आदेश के माध्यम से इसे संशोधित नहीं किया जाता है।

बशर्ते यह भी कि वर्चुअल नेट मीटरिंग(वीएनएम) या ग्रुप नेट मीटरिंग(जीएनएम) व्यवस्था के अंतर्गत आपूर्तिका उपयोग करने वाले सरकारी कनेक्शनों के लिये, चाहे वे स्वयं के स्वामित्व वाले हों या रेस्को के स्वामित्व वाले मॉडल के अंतर्गत, कोई क्रॉस सब्सिडी सरचार्ज या अतिरिक्त सरचार्ज लागू नहीं होगा।

बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के लिये अधित्याग

15.7 बशर्ते कि स्थापित बीईएसएस की 5% की क्षमता के साथ रेस्को के स्वामित्व वाली प्रणालियां सहित वर्चुअल नेट मीटरिंगयाग्रुप नेट मीटरिंग कनेक्शनों के लिये व्हीलिंग प्रभारों का 75% का अभित्यजन लागू किया जाये। सौर क्षमता के 5% से अधिक

बीईएसएस के लिये भंडारण प्रणाली की प्रत्येक 1% क्षमता को 30%क्षमता तक बढ़ाने पर अतिरिक्त 1% व्हीलिंग प्रभार की अतिरिक्त छूट के लिये पात्र होंगे। सौर क्षमता के 30% से अधिक क्षमता वाले बीईएसएस को 100% व्हीलिंग प्रभार से छूट दी जायेगी।

अन्य प्रभारों का अधित्याग

15.8 इन विनियमों में किसी प्रतिकूल बात के होते हुऐ भी, नेट मीटरिंग, वर्चुअल नेट मीटरिंगऔर गुरप नेट मीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत संयंत्र स्थापित करने वाले घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिये आवेदन शुल्क, प्रतिभूति जमा और मीटर परीक्षण प्रभारों के भुगतान की आवश्यकता, पांच लाख घरों के लक्ष्य की प्राप्ति तक या राज्य में रूफटॉप सौर स्थापनों के लिये राज्य सरकार द्वारा यथा निर्दिष्ट ऐसे अन्य लक्ष्य की प्राप्ति तक अधित्यक्त रहेगी।

बशर्ते कि नेट मीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत संयंत्र स्थापित करने वाले घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिये कनेक्शन समझौते के निष्पादन की आवश्यकता, पांच लाख घरों के लक्ष्य की प्राप्ति तक या राज्य में रूफटॉप सौर प्रतिष्ठानों के लिये राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट ऐसे अन्य लक्ष्य की प्राप्ति तक अधित्यक्त रहेगी।

14. विनियम *17* में संशोधन:

विनियम 17.1 में शब्दों ‘‘नेट मीटरिंग प्रणाली” को शब्दों “नेट मीटरिंग, ग्रुप नेट मीटरिंग प्रणाली या वर्चुअल नेट मीटरिंग” से प्रतिस्थापित किया जायेगा।

15. विनियम *19* में संशोधन:

विनियम **19** *के पश्चात्* निम्नानुसार नया विनियम 19(अ)जोड़ा जायेगा:

"19(अ) आयोग पृथक आदेश द्वारा प्लग-एंड-प्ले सौर प्रणाली और ब्लॉक चेन आधारित पीयर-टू-पीयर (पी2पी) ट्रेडिंग को या तो स्वप्रेरणा से यावितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा उपयुक्तयाचिका दायर करने पर लागू कर सकेगा।"

आयोग की आज्ञा से

बाबूलाल गोयल, आई.ए.एस

सचिव

मॉडल प्रारूप

अनुलग्नक-IV-(इ) -आवेदन प्रारूप

अनुलग्नक-IV-(इ) -1. वर्चुअल नेट मीटरिंग हेतु आवेदन प्रारूप

सेवा में,

.....**<प्रशासनिक अधिकारी का नाम>**

.....**<वितरण अनुज्ञप्तिधारीका नाम>**

विषय: वर्चुअल नेट मीटरिंग यंत्र हेतु आवेदन पत्र

मैं/हम, राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली) विनियम, 2021 और आगे के संशोधनों के अनुपालन में सौर उर्जा संयंत्र प्रणाली

को i. **केपेक्स मोड या** ii. **रेस्को मोड (कृपया एक पर निशान लगायें) के अंतर्गत संयोजन करने का आशय रखता हुं/रखते हैं**:

1.	पंजीकृत उपभोक्ता का नाम (प्रमुख)	
2.	पंजीकृत उपभोक्ता का पता	
3.	के.नं.	
4.	प्रमुखउपभोक्ता का ईमेल पता (बड़े अक्षरों में)	
5.	उपभोक्ता का टेलीफोन नंबर	मोबाइल नंबर/ व्हाट्सएप नंबर.
6.	केपेक्स के लिये: स्थापनाकर्ता का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी (बड़े अक्षरों में)	
7.	रेस्को के लिये: रेस्को का नाम, पता, ईमेल आईडी, संपर्क नंबर	
8.	श्रेणी (कृपया उल्लेख करें)	घरेलू, औद्योगिक, वाणिज्यिक, सरकारी भवन, आदि।
9	आपूर्तिवोल्टेज स्तर (कृपया उल्लेख करें)	230 वी, 415 वी. 11केवी और ऊपर
10	कुल स्वीकृत भार, अर्थात नवीनतम विद्युत बिल के अनुसार सहभागी उपभोक्ताओं के स्वीकृत भार का योग (किलोवाट)।	
11.	प्रस्तावित नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली का प्रकार (सौर, पवन, आदि)	
12.	संयोजन की जाने वाली प्रस्तावित नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की क्षमता (किलोवाट)	
13	प्रस्तावित नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की आपूर्तिवोल्टेज (कृपया चिन्हित करें)	230वी (1-फेज) : 415वी (3-फेज) : 11 केवी और उससे अधिक (3-फेज) :
14	प्रस्तावित नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली का स्थान	
15	नवीकरणीय प्रणाली के स्थान का पता	
16	साइट का अक्षांश (उत्तर)	
17	साइट का देशांतर (पूर्व)	

18	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	

2. मैं/हम आपसे वीएनएम व्यवस्था के अंतर्गत स्थापित या स्थापित की जाने वाली सौर प्रणाली के लिये ग्रिड कनेक्टिविटी प्रदान करने का अनुरोध करता हूँ/करते हैं। आवश्यक साक्ष्यों द्वारा समर्थित विवरण नीचे दियेगये हैं।
3. मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि वर्चुअल नेटमीटरिंगके लियेप्रस्तुत की गयी जानकारी मेरी/हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार जाँची और सत्यापित की है।

संलग्नक: अनुलग्नक-IV- C - 2 के अनुसार प्रयोज्यता हेतु आवश्यक दस्तावेज:

स्थान:

दिनांक:

सहभागी उपभोक्ताओं के हस्ताक्षर, मुहर सहित (यदि कोई हो)

क्र.	के.सं.	साझाकरण अनुपात %	सूची में प्रत्येक उपभोक्ता का पता	पात्र उपभोक्ताओं की आईडीका विवरण	उपभोक्ता के हस्ताक्षर
1					
2					
3					
4					
5					

टिप्पणी: उपभोक्ताओं की सूची सांकेतिक है। जिसमें परियोजना की आवश्यकता तक विस्तार सम्भाबितहै।

केवल कार्यालय उपयोग के लिये

आवेदन प्रपत्र संख्या:	
आवेदन की तिथि:	

अनुलग्नक-.IV-(इ) .2

प्रयोज्यता के लिये आवश्यक दस्तावेज (आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना अपेक्षित है)

क्र. सं.	**अपेक्षित दस्तावेज**	**संलग्न (हाँ/नहीं)**
1.	वीएनएम व्यवस्था के लिये समझौता	
2.	वीएनएम के लिये उपभोक्ता अनुबंध	
3.	उपभोक्ताओं के पहचान प्रमाण (पैन/ईपीआईसी/आधार कार्ड आदि) की स्व-अनुप्रमाणित प्रति	
4.	उस स्थान के स्वामित्व का प्रमाण जहाँ नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित की जानी है/पहले से स्थापित है।	
5.	i.ईपीसी ठेकेदार (कैपेक्स मोड के लिये) और ii. रेस्को (रेस्को मोड के लिये) के पहचान प्रमाण (पैन/ईपीआईसी/आधार कार्ड आदि) की स्व-अनुप्रमाणित प्रति	

अनुलग्नक-IV-(इ) -3. ग्रुप नेट मीटरिंग हेतु आवेदन प्रारूप

सेवा में,

.....**<प्रशासनिक अधिकारी का नाम>**

.....**<वितरण अनुज्ञप्तिधारीका नाम>**

विषय: ग्रुप नेट मीटरिंग यंत्र हेतु आवेदन पत्र

मैं/हम, राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली) विनियम, 2021और आगे के संशोधनों के अनुपालन में सौर उर्जा संयंत्र प्रणाली को i. **केपेक्स मोड या** ii. **रेस्को मोड (कृपया एक पर निशान लगायें) के अंतर्गत संयोजन करने का आशय रखता हुं/रखते हैं**:

1.	पंजीकृत उपभोक्ता का नाम (मूल कनेक्शन जहां नवीकरणीय उर्जा प्रणाली स्थापित की जानी है)	
2.	पंजीकृत उपभोक्ता का पता	
3.	के.नं.	
4.	उपभोक्ता का ईमेल पता (बड़े अक्षरों में)	
5.	उपभोक्ता का टेलीफोन नंबर	मोबाइल नंबर/ व्हाट्सएप नंबर.
6.	केपेक्स के लिये: स्थापनाकर्ता का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी (बड़े अक्षरों में)	
7.	रेस्को के लिये: रेस्को का नाम, पता, ईमेल आईडी, संपर्क नंबर	
8.	श्रेणी (कृपया उल्लेख करें)	घरेलू, औद्योगिक, वाणिज्यिक, सरकारी भवन, आदि।
9	आपूर्तिवोल्टेज स्तर (कृपया उल्लेख करें)	230 वी, 415 वी. 11केवी और ऊपर

10	नवीनतम विद्युत बिल के अनुसार स्वीकृत भार (किलोवाट)	
11.	प्रस्तावित नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली का प्रकार (सौर पवन, आदि)	
12.	संयोजन की जाने वाली प्रस्तावित नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की क्षमता (किलोवाट)	
13	प्रस्तावित नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की आपूर्तिवोल्टेज (कृपया चिन्हित करें)	230वी (1-फेज) : 415वी (3-फेज) : 11 केवी और उससे अधिक (3-फेज) :
14	प्रस्तावित नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली का स्थान	रूफ टॉप सौर प्रणाली: जमीन पर स्थापित प्रणाली:
15	साइट का अक्षांश (उत्तर)	
16	साइट का देशांतर (पूर्व)	
17	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	

मैं, मेरे स्वामित्व वाले/कब्जे वाले परिसर में स्थापित या स्थापित की जाने वाली सौर रूफ टॉप पीवी सिस्टम को ग्रिड कनेक्टिविटी प्रदान करने का अनुरोध करता/करते हैं। आवश्यक साक्ष्यों द्वारा समर्थित विवरण नीचे दिये गये हैं। मैं घोषणा करताहूँ/करते हैंकि ग्रुप नेट मीटरिंग के लियेप्रस्तुत की गयी जानकारी मेरी/हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार जाँची और सत्यापित की गयी है।

संलग्नक: अनुलग्नक IV-इ-4 के अनुसार दस्तावेज:

स्थान:

दिनांक:

क्र. सं.	के.सं.	प्रयोज्यता प्राथमिकता	प्रत्येक सेवा कनेक्शन का पता	मूल उपभोक्ता का आईडी विवरण	उपभोक्ता के हस्ताक्षर, स्टाम्प सहित (यदि कोई हो)
1					
2					
3					
4					
5					

टिप्पणी: परियोजना की आवश्यकता तक विस्तार की संभावना के साथ उपभोक्ताओं की सूची सांकेतिक है।

केवल कार्यालय उपयोग के लिये

आवेदन प्रपत्र संख्या:	
आवेदन की तिथि:	

अनुलग्नक-IV-(इ) -4

क्र. सं.	अपेक्षित दस्तावेज	संलग्न (हाँ/नहीं)
1.	जीएनएम व्यवस्था के लिये समझौता	
2.	गुरप नेट-मीटरिंगके अंतर्गत निपटान की प्राथमिकता सूची में सीए संख्या/के. संख्या को शामिल करने के लिये वचनबद्धता	
3.	उपभोक्ताओं के पहचान प्रमाण (पैन/ईपीआईसी/आधार कार्ड आदि) की स्व-अनुप्रमाणित प्रति	
4.	उस स्थान के स्वामित्व का प्रमाण जहाँ नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित की जानी है/पहले से स्थापित है।	
5.	i.ईपीसी ठेकेदार (कैपेक्स मोड के लिये) और ii. रेस्को (रेस्को मोड के लिये) के पहचान प्रमाण (पैन/ईपीआईसी/आधार कार्ड आदि) की स्व-अनुप्रमाणित प्रति	

अनुलग्नक-IV-(ई) - कनेक्शन अनुबन्ध

अनुलग्नक-बी-1 : वीएनएम व्यवस्था के लिये मॉडल समझौता

I. **केपेक्स मोड: सहभागी उपभोक्ताओं और डिस्कॉम के मध्य मॉडल समझौता:**

(100 रुपये के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर, नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित)

नवीकरणीय ऊर्जा के लिये वर्चुअल नेट मीटरिंगमॉडल कनेक्शन अनुबंध

यह समझौता ..... (शहर और राज्य का नाम लिखें) दिनांक .....(समझौते पर हस्ताक्षर करने की तिथि को लिखें)कियागया है।

1.पंजीकृत उपभोक्ता जिनके नाम और उपभोक्ता संख्या नीचे दी गयी सूची (**"उपभोक्ताओं की सूची**") में यथा प्रथम पक्ष (इसके आगे**"पात्र उपभोक्ता"** कहा जायेगा)

और

2..... (राज्य का नाम लिखें)(अर्थात् ..... (डिस्कॉम का नाम लिखें) का वितरण अनुज्ञप्तिधारी) जिसका पंजीकृत कार्यालय..... (राज्य उपयोगिता का पता लिखें) (इसके आगे**"डिस्कॉम"** कहा जायेगा) में स्थित है, इस अनुबंध का यथा दूसरा पक्ष

के मध्य किया गया है।

उपभोक्ताओं की सूची: उपभोक्ताओं की सूची नीचे दी गयी है।

क्र. सं.	के.सं.	साझाकरण अनुपात %	सूची में प्रत्येक उपभोक्ता का पता	पात्रउपभोक्ताओं का आईडी विवरण	उपभोक्ता के हस्ताक्षर
1					
2					
3					
4					
5					

टिप्पणी: परियोजना की आवश्यकता तक विस्तार की संभावना के साथ उपभोक्ताओं की सूची सांकेतिक है।

इसके द्वारा पक्षों के मध्य निम्नलिखित सहमति हुई है:

1. पात्रता:

1.1 पात्र उपभोक्ता एतद्द्वारा पुष्टि करते हैं कि वे पहले से ही उन मानकों और शर्तों से अवगत हैं जिनकी फोटोवोल्टिक प्रणाली को ग्रिड/वितरणतंत्र में एकीकृत होने के लिये पूर्ति करनी चाहिये।

1.2 पात्र उपभोक्ता सहमति देते हैं कि डिस्कॉम की वितरण तंत्र से फोटोवोल्टिक प्रणाली का कनेक्शन राज्यवितरण कोड और/या डिस्कॉम की सेवा की शर्तों और राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग(ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली) विनियम, 2021 और आगे कोई भी अन्य संशोधन की अपेक्षाओं से आबद्ध होगा। ग्रिड समय-समय पर संशोधित केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (ग्रिड

मानक)विनियम 2010 के अनुसार निर्दिष्ट विश्वसनीयता, सुरक्षा और गुणवत्ता के साथ कार्य करना जारी रखेगा।

1.3 पात्र उपभोक्ताओं ने वर्चुअल नेट-मीटरिंग योजना के लाभों को समझते हुये,.....(राज्य उपयोगिता का नाम लिखें)(डिस्कॉम) के साथ सहमति व्यक्त की है और संयुक्त रूप से अनुरोध किया है कि .....(पूरा पता लिखें) स्थित परिसर में सौर मीटर स्थापित किया जाये, जहां पात्र उपभोक्ताओं द्वारा पहले से ही फोटोवोल्टिक प्रणाली स्थापित की जा चुकी है तथा पात्र उपभोक्ताओं ने अपने-अपने विद्युत बिलों में सौर इकाइयों के उत्पादन से होने वाले लाभ के अपने-अपने अंश के लिये सहमति व्यक्त की है, जिनका विवरण भी इस समझौते में निर्दिष्ट कियागया है।

2. तकनीकी तथा अन्तर्सम्बन्ध आवश्यकतायें

2.1 पात्र उपभोक्ता सहमति देते हैं कि डिस्कॉम के वितरण तंत्र से फोटोवोल्टिक प्रणाली को जोड़ने से पूर्व उसने एक पार्थक्य(आइसोलेशन)यंत्र(स्वचालित तथा इन्र्वटर के भीतर निर्मित व बाह्य हस्तचालित रिले दोनों) अधिष्ठापित कर लिये हैं या अधिष्ठापित कर लेगें तथा आवश्यक होने पर, इस तक डिस्कॉम के अभिगमन तथा इसके परिचालन तथा वितरण तंत्र की मरम्मत एवं संधारण की सहमति देते है।

2.2 पात्र उपभोक्ता सहमति देते है कि डिस्कॉम के तंत्र पर विद्युत-बन्दी की दशा में, फोटोवोल्टिक प्रणाली बंद हो जायेगी, जब तक कि फोटोवोल्टिक प्रणाली पर विशेष स्थानांतरण और पार्थक्य(आइसोलेशन)क्षमताएं अधिष्ठापित नहीं की जातीं।

2.3 नेट मीटर और नवीकरणीयऊर्जा मीटर की तकनीकी विशिष्टता डिस्कॉम के अनुरूप होनी चाहिये।

2.4 वितरण तंत्र से जुड़े सभी उपकरण, सुसंगत अन्तर्राष्ट्रीय(आईईर्इ/आर्इसी)या भारतीय मानकों (बीआईस) के अनुवर्ती होंगे तथा विद्युतीय उपकरणों की अधिष्ठापना समय-समय पर यथा संशोधित भारतीय विद्युत नियम, 1956 केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (वितरित उत्पादन संसाधनों की कनेक्टिविटी के लिये तकनीकी मानक) विनियम, 2013 की अनुपालना में होंगे।

2.5 पात्र उपभोक्ता सहमति देते है कि डिस्कॉम इंटरफेस/अन्तर्सम्बन्ध बिन्दु तथा मीटरिंग बिन्दु निधार्रित करेगा।

2.6 पात्र उपभोक्ता अंतर्राष्ट्रीयया भारतीय मानकों और/या आयोग/डिस्कॉम द्वारा प्रदान कियेगये अन्य ऐसे उपायों के अनुसार विद्युत गुणवत्ता उपायों का अनुसरण/पालन करने के लिये सहमत हैं।

2.7 पात्र उपभोक्ता डिस्कॉम द्वारा मांगे जाने पर अपने सिस्टम में वोल्टेज, आवृत्ति, ब्रेकर, आइसोलेटर स्थिति जैसे सभी डेटा प्रस्तुत करने के लिये सहमत हैं। पात्र उपभोक्ता वास्तविक समय परिचालन डेटा के ऑनलाइन हस्तांतरण की सुविधा भी प्रदान करेगें।

2.8 पात्र उपभोक्ता नवीकरणीयऊर्जा प्रणाली को प्रारम्भ करने के लिये केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (वितरित उत्पादन संसाधनों की कनेक्टिविटी के लिये तकनीकी मानक)विनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करेंगे और वितरण अनुज्ञप्तिधारी को अनुमोदन की प्रतियां प्रस्तुत करेंगे।

2.9 पात्र उपभोक्ता सहमति देते हैं कि डिस्कॉम पारदर्शिता और सुविधा के लियेनवीकरणीयऊर्जा प्रणाली के आवेदन और पंजीकरण से संबंधित संपूर्ण जानकारी अपनी वेबसाइट या वेब पोर्टल पर रख सकता है।

3. सुरक्षा:

3.1 पात्र उपभोक्ता केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा और विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय)विनियम 2010 का अनुपालन करेगें।

3.2 पात्र उपभोक्ता सहमति देते हैं कि फोटोवोल्टिक प्रणाली का डिजाइन, अधिष्ठापन, संधारण और संचालन फोटोवोल्टिक प्रणाली के साथ-साथ डिस्कॉम के वितरण तंत्र की सुरक्षा के अनुकूल तरीके से किया जायेगा।

3.3 सुरक्षित और विश्वसनीयवितरण तंत्र के संधारण के लिये डिस्कॉम की बाध्यता के कारण, पात्र उपभोक्ता सहमति देते हैं कि यदि डिस्कॉम द्वारा यह निर्धारित किया जाता है कि पात्र उपभोक्ता की फोटोवोल्टिक प्रणाली अन्यवितरण तंत्रों के उपभोक्ताओं या डिस्कॉम की आस्तियों को क्षतिग्रस्त करती है और/याप्रतिकूल प्रभाव उत्पन्न करती है, पात्र उपभोक्ताओं को डिस्कॉम के निर्देश पर फोटोवोल्टिक प्रणाली को वितरण तंत्र से तुरंत विच्छेद करना होगा तथा पुन:कनेक्शन से पहले स्वयं के व्यय पर समस्या का समाधान करना होगा।

3.4 पात्र उपभोक्ता सहमति देते हैं कि नेट मीटरिंग के पश्चात् फोटोवोल्टिक प्रणाली में कोई भी परिवर्तन/प्रत्यावर्तन/संशोधन/नईक्षमता का परिवर्धन केवल डिस्कॉम से पूर्व अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् ही किया जायेगा, जो डिस्कॉम द्वारा समय-समय पर अधिसूचित आवश्यक परीक्षण प्रमाण पत्र(पत्रों)और अन्य दस्तावेजों की प्राप्ति के पश्चात् ही जारी किया जायेगा।

4. निर्बाधन तथा स्वीकृतियां

पात्र उपभोक्ता फोटोवोल्टिक प्रणाली को वितरण तंत्र से जोड़ने से पूर्व सभी आवश्यक स्वीकृतियां तथा निर्बाधन (पर्यावरणीय तथा ग्रिड कनेक्शन संबंधी) प्राप्त करने के लिये सहमति देते हैं।

5. अभिगमन तथा विच्छेदन

5.1 डिस्कॉम हर समय मीटरिंग उपकरणों तथा फोटोवोल्टिक सिस्टम को विच्छेदित करने वाले साधनों (स्वत: तथा हस्तचालित दोनों) तक अभिगमन कर सकेगा।

5.2 आपात या विद्युत बन्दी (आउटेज) की स्थिति में, जहां विच्छेदित करने वाले साधनों स्वत: तथा हस्तचालित जैसे स्विच या ब्रेकर, तक अभिगमन उपलब्ध नहीं है, तो डिस्कॉम परिसर की सेवा विच्छेदित कर सकता है और ऐसे परिदृश्य में, पात्र उपभोक्ता को तत्काल विच्छेदन का उद्धरण करते हुये डिस्कॉम से आपत्ति करने याधनराशि का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

6. दायित्व :

6.1 पात्र उपभोक्ता तथा डिस्कामॅ, कनेक्शन तथा फोटोवोल्टेक प्रणाली या डिस्कॉम के वितरण तंत्र के परिचालन में किसी भी पक्षकार की लापरवाही या साभिप्राय दुराचरण से क्षतियों या प्रतिकूल प्रभाव के लिये एक दूसरे की क्षतिपूर्ति करेंगे।

6.2 डिस्कॉम तथा पात्र उपभोक्ता एक दूसरे के प्रति किसी भी हानि या लाभ या राजस्व, व्यवसाय अवरोध हानियां, संविदा की हानि या कीर्तिस्व (गुडविल) की हानि के लिये दाण्डिक या उदाहरणात्मक क्षतियों सहित परन्तु तक सीमित नहीं विशेष क्षतियों, चाहे उक्त में कोई भी दायित्व, हानि संविदा में पैदा हुयी हो या अन्यथा के लिये उत्तरदायी नहीं होंगे।

7. वाणिज्यिक एवं व्यवस्थापन:

इस अनुबंध के अन्तर्गत समस्त वाणिज्यिक व्यवस्थापन, राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली) विनियम, 2021 और समय-समय पर यथा संशोधित की अनुपालना करेंगे।

8. सिस्टम कनेक्टिविटी के लिये शर्तें

दोनों पक्षों को कनेक्टिविटी प्रदान करने की प्रक्रिया के संबंध में केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के विनियमों का पालन करना होगा। कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिये उपभोक्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे:

- सिंक्रोनाइजेशन सर्किट विवरण
- सुरक्षा रिपोर्ट
- सुरक्षा सर्किट विवरण
- सिस्टम के परीक्षण प्रमाणपत्र
- नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली का योजनाबद्ध आरेख

9. कनेक्शन लागत

9.1 पात्र उपभोक्ता मीटरिंग तथा अन्तर्सम्बन्ध लागतों सहित फोटोवोल्टेक प्रणाली स्थापित करने की समस्त लागते वहन करेगा। पात्र उपभोक्ता आवश्यक होने पर फोटोवोल्टेक प्रणाली को जोड़ने के लिये वाछित वितरण सुविधाओं के आशोधन तथा उन्नयन की वास्तविक लागत के भुगतान के लिये सहमत है।

9.2. आइसोलेटर, मीटर आदि सहित अन्तर्सम्बन्ध उपकरणों की लागत भी पात्रउपभोक्ताओं द्वारा वहन की जायेगी।

10. समाप्ति

10.1 इस अनुबंध की अवधि प्रारूपिक सौर फोटोवोल्टिक विद्युत संयंत्र के जीवनकाल की होगी, जो 25 वर्ष या डिस्कॉम के पास अनुज्ञप्ति की वैधता तक, जो भी पहले हो, जब तक कि इस अनुबंध को इस खंड के प्रावधानों के अनुसार अन्यथा समाप्त नहीं कर दिया जाता।

10.2 पात्र उपभोक्ता/उपभोक्ताओं (संयुक्त रूप से)या डिस्कॉम किसी भी समय समझौते के दूसरे पक्ष को 90 दिन का पूर्व नोटिस देकर इस समझौते को समाप्त कर सकते हैं। जबकि यह स्पष्ट कियागया है कि डिस्कॉम द्वारा जारी किये जाने वाले समाप्ति नोटिस के मामले में यह पात्र उपभोक्ताओं द्वारा नियुक्त प्रमुख उपभोक्ता को जारी किया जायेगा।

10.3 पात्र उपभोक्ता सहमति देते हैं कि इस अनुबंध की समाप्ति पर,उन्हें यथासमय तथा डिस्कॉम की संतुष्टि तक फोटोवोल्टिक प्रणाली को डिस्कॉम की वितरण तंत्र से विच्छेद करना होगा।

11. साझाकरण अनुपात में परिवर्तन:

11.1 डिस्कॉम को कम से कम 2 माह पूर्व नोटिस देकर तथा उपभोक्ताओं की संशोधित सूची प्रस्तुत कर, पात्र उपभोक्ताओं को वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में एक बार उपभोक्ता सूची में दियेगये साझाकरण अनुपात को बदलने का अधिकार होगा।

11.2 पात्र उपभोक्ताओं को साझाकरण अनुपात में प्रस्तावित ऐसे परिवर्तन और उपभोक्ताओं की सूची में संशोधन के समय लागू वर्चुअल नेट मीटरिंग आवेदन पत्रप्रस्तुत करना होगा।

11.3 सभी उपभोक्ता एतद्वारा प्रमुख उपभोक्ता को साझाकरण अनुपात में ऐसे परिवर्तन के लिये और, यदि लागू हो, तो इस समझौते में एक नए पात्र उपभोक्ता को शामिल करने और उपभोक्ताओं की सूची प्रस्तुत करने के लिए उनकी ओर से आवेदन करने का अधिकार अपरिवर्तनीय रूप से देते हैं। प्रमुख उपभोक्ता सभी पात्र उपभोक्ताओं की ओर से इस संबंध में डिस्कॉम द्वारा अपेक्षित किसी भी और सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर सकेगा।

11.4 उपभोक्ता, सौर फोटोवोल्टिक विद्युत संयंत्र की स्थापना/अधिष्ठापन के लिये तथा इसकी अधिष्ठापन की अवधि के दौरान,प्रासंगिक कानूनों के प्रावधानों के अंतर्गतयथा अपेक्षित सभी अनुमतियां/अनुज्ञा पत्र/अनुमोदन लेने के लिये दायी होंगे।

11.5 सौर फोटोवोल्टिक विद्युत संयंत्र के अधिष्ठापन अवधि के दौरान तथा स्थापित करने पर, उपभोक्ता संयुक्त और अलग से डिस्कॉम/इसके कर्मचारियों/निदेशकों/अधिकारियों/सहयोगियों को सौर फोटोवोल्टिक विद्युत संयंत्र की स्थापना और/या संचालन और संधारण का उद्धरण करते हुये किसी भी व्यक्ति/एजेंसी/भूमि स्वामित्व एजेंसी/न्यायालययया किसी अन्य न्यायिक-अर्ध-न्यायिक प्राधिकरण से सभी लागत परिणामों, दायित्वों, दंड,क्षति/प्रतिपूर्ति आदि के दावे से क्षतिपूरित करेगें।

12. प्रमुख उपभोक्ता:

इस समझौते के निष्पादन के समय, पात्र उपभोक्ता पात्र उपभोक्ताओं में से एक को यथा प्रमुख उपभोक्ता के नियुक्त/नामांकित करेगें। कि डिस्कॉम द्वारा जारी कियेगये सभी संसूचनाओं के लिये डिस्कॉम को प्रमुख उपभोक्ता के साथ पत्र-व्यवहार करने की स्वतंत्रता होगी, न कि प्रत्येक उपभोक्ता के साथ। अन्य पात्र उपभोक्ताओं के साथ पत्र-व्यवहार करना

प्रमुख उपभोक्ता की जिम्मेदारी होगी और डिस्कॉम द्वारा प्रमुख उपभोक्ता को दी गयी संचार सेवा को सभी मामलों में सभी पात्र उपभोक्ताओं को दी गयी सेवा कहा जायेगा।

13. शासकीय कानून और क्षेत्राधिकार:

यह समझौता राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग(ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली) विनियम, 2021 और सौर फोटोवोल्टिक विद्युत संयंत्र की स्थापना/संधारण/संचालन से संबंधित किसी भी अन्य संशोधन और किसी भी अन्य आदेश/निर्देशों द्वारा शासित होगा। इसके अतिरिक्त, उपरोक्त कानूनों में किसी भी परिवर्तन के मामले में, पात्र उपभोक्ताओं को उसका अनुपालन करना होगा।

साक्षी में, जहां श्रीमान/सुश्री ..... तथा श्रीमान/सुश्री ..... पात्र उपभोक्ताओं की ओर से और डिस्कॉम की ओर से श्रीमान/सुश्री ..... इस समझौते से सहमत हैं।

स्थान:

दिनांक:

उपभोक्ताओं की सूची:

क्र. सं.	उपभोक्ता का नाम	उपभोक्ता के हस्ताक्षर
1		
2		
3		

टिप्पणी: परियोजना की आवश्यकता तक विस्तार की संभावना के साथ उपभोक्ताओं की सूची सांकेतिक है।

गवाह का नाम और हस्ताक्षर

प्रमुख उपभोक्ता का नाम और हस्ताक्षर

<u>डिस्कॉम नोडल अधिकारी का नाम और हस्ताक्षर (मुहर सहित)</u>

II. **रेस्को मोड: सहभागी उपभोक्ताओं, डिस्कॉम और रेस्को के मध्य मॉडल त्रिपक्षीय समझौता:**

(100 रुपये के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर, नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित)

नवीकरणीय ऊर्जा के लिये वर्चुअल नेट मीटरिंगमॉडल कनेक्शन अनुबंध

यह समझौता ..... (शहर और राज्य का नाम लिखें) दिनांक ..... (समझौते पर हस्ताक्षर करने की तिथि लिखें)

1. मैसर्स..... कंपनी अधिनियम के अंतर्गत निगमित कंपनी/एकल स्वामित्व/साझेदारी फर्म, जिसका पंजीकृत कार्यालय ..... है और जिसका प्रतिनिधित्व ..... एकल स्वामी/भागीदार/प्रबंधक/निदेशक/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के माध्यम से होता है, जिसे इसके पश्चात् यथा "सोलर पावर जनरेटर"(एसपीजी)/नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (रेस्को) के संदर्भित किया जायेगा, जहां तक संदर्भ अनुमति देता है, इस अभिव्यक्ति का अर्थ होगा और इसमें प्रथम पक्ष के पक्षकार के रूप में हित में उत्तराधिकारी, निष्पादक, प्रशासक और समनुदेशिती शामिल हैं।

और

2..... (राज्य का नाम लिखें)(अर्थात् ..... (डिस्कॉम का नाम लिखें) का वितरण अनुज्ञप्तिधारी) जिसका पंजीकृत कार्यालय..... (राज्य उपयोगिता का पता लिखें)(इसके आगे**"डिस्कॉम"** कहा जायेगा) में स्थित है, इस अनुबंध का यथा दूसरा पक्ष

और

2.पंजीकृत उपभोक्ता जिनके नाम और उपभोक्ता संख्या नीचे दी गयी सूची (**"उपभोक्ताओं की सूची**") में यथा तृतीय पक्ष के दी गयी है (इसके आगे**"पात्र उपभोक्ता"** कहा जायेगा)

के मध्य किया गया है।

उपरोक्त सभी, पावर जनरेटर, वितरण अनुज्ञप्तिधारी और उपभोक्ता को सामूहिक रूप से यथा ''पक्षकार'' कहा जायेगा।

उपभोक्ताओं की सूची: उपभोक्ताओं की सूची नीचे दी गयी है।

क्र.	**के.सं.**	**उपभोक्ता का नाम**	**साझाकरण अनुपात %**	**सूची में प्रत्येक उपभोक्ता का पता**	**पात्र उपभोक्ताओं का आईडी विवरण**
1					
2					
3					
4					
5					

टिप्पणी: परियोजना की आवश्यकता तक विस्तार की संभावना के साथ उपभोक्ताओं की सूची सांकेतिक है।

इसके द्वारा पक्षों के मध्य निम्नलिखित सहमति हुई है:

1. **परिभाषायें:**

1.1 ''अधिनियम'' से तात्पर्य विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36 वां) तथा उसके पश्चातवर्ती संशोधनों से होगा,

1.2 ''लागू/प्रयोज्य नियम और विनियम'' का वही अर्थ होगा जो इस दस्तावेज़ के अनुच्छेद 2 में परिभाषित किया गया है।

1.3 ''प्राधिकरण'' से तात्पर्य अधिनियम की धारा 70 की उपधारा (1) में यथा निर्दिष्ट केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण से होगा।

1.4 ''बिलिंग चक्र'' से तात्पर्य, आयोगद्वारा निर्धारित उक्त अवधि से होगा, जिसके लिए अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उपभोक्ताओं की भिन्न-भिन्न श्रेणियों के लिए नियमित विद्युत बिल तैयार किये जाते है,

1.5 ''कमीशनिंग तिथि'' का तात्पर्य उस तिथि से होगा जिस दिन ग्रिड से सम्बद्ध रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र सिंक्रनाइज़ हो जाता है और ग्रिड में सौर ऊर्जा का अंत:क्षेपण आरम्भ कर देता है।

1.6 ''आयोग'' से अभिप्राय अधिनियम की धारा 82 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट तथा अधिनियम के अधीन गठित राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग से है।

2. लागू नियम और विनियम

यह समझौता निम्नलिखित नियमों और विनियमों के अधीन है, जिन्हें आगे सामूहिक रूप से ''लागू नियम और विनियम'' कहा जायेगा और इनमें कोई भी संशोधन शामिल होगा:

2.1 राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग(ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली) विनियम, 2021तथा उसके पश्चातवर्ती संशोधनों से होगा

2.2 केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (विभाजित उत्पादन संसाधन की संयोजिता के लिये तकनीकी मानक) विनियम, 2013तथा उसके पश्चातवर्ती संशोधनों से होगा

2.3 केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (मीटरों का अधिष्ठापन व परिचालन) विनियम, 2006 तथा उसके पश्चातवर्ती संशोधनों से होगा

2.4 केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के (सुरक्षा से संबंधित उपाय और विद्युत प्रदाय) विनियम, 2010तथा उसके पश्चातवर्ती संशोधनों से होगा

2.5. विद्युत गुणवत्ता एवं संरक्षण तथा नियंत्रण, समय-समय पर संशोधित वितरण तंत्र पर लागू सीईए (ग्रिड से कनेक्टिविटी के लिये तकनीकी मानक) विनियम, 2007 और सीईए (वितरित उत्पादन संसाधनों की कनेक्टिविटी के लिये तकनीकी मानक) विनियम, 2013 में निर्दिष्ट मानकों के अनुरूप होंगे।

2.6. भारतीय विद्युत नियम, 1956

2.7. कोई अन्य प्रावधान जो विनियम और उसके पश्चातवर्ती संशोधनों के अनुसार पीपीए पर हस्ताक्षर के समय लागू हो जाता है।

इस समझौते में प्रयुक्त अन्य सभी शब्द और अभिव्यक्तियाँ, यदि ऊपर विशेष रूप से परिभाषित नहीं हैं, लेकिन अधिनियम में परिभाषित हैं, तो उनका अभिप्राय वही होगा जो अधिनियम में नियत किया गया है। इसमें प्रयुक्त अन्य शब्द और अभिव्यक्तियाँ, जो इस समझौते, विनियमों या अधिनियम में विशिष्ट रूप से परिभाषित नहीं हैं, किन्तु संसद द्वारा पारित किसी अन्य कानून के अंतर्गत परिभाषित हैं, जो राज्य या संघ राज्य क्षेत्र में विद्युत उद्योग पर लागू हैं, तो उनका अभिप्राय वही होगा जो ऐसे कानून में नियत किया गया है।

3. पात्रता:

3.1 रेस्को एवं पात्र उपभोक्ता एतद्द्वारा पुष्टि करते हैं कि वे पहले से ही उन मानकों और शर्तों से अवगत हैं जिनकी फोटोवोल्टिक प्रणाली को ग्रिड/वितरणतंत्र में एकीकृत होने के लिये पूर्ति करनी चाहिये।

3.2 रेस्को एवं पात्र उपभोक्ता सहमति देते हैं कि डिस्कॉम की वितरणतंत्र से फोटोवोल्टिक प्रणाली का कनेक्शन राज्यवितरण कोड और/या डिस्कॉम की सेवा की शर्तों और राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग(ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित नवीकरणीयऊर्जा उत्पादन प्रणाली) विनियम, 2021 और आगे कोई भी अन्य संशोधन की अपेक्षाओं से आबद्ध होगा। ग्रिड समय-समय पर संशोधित केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (ग्रिड मानक)विनियम 2010 के अनुसार निर्दिष्ट विश्वसनीयता, सुरक्षा और गुणवत्ता के साथ कार्य करना जारी रखेगा।

3.3 रेस्को एवं पात्र उपभोक्ताओं ने वर्चुअल नेट-मीटरिंगयोजना के लाभों को समझते हुये,.....(राज्य उपयोगिता का नाम लिखें)(डिस्कॉम) के साथ सहमति व्यक्त की है और संयुक्त रूप से अनुरोध किया है कि .....(पूरा पता लिखें) स्थित परिसर में सौर मीटर स्थापित किया जाये, जहां पात्र उपभोक्ताओं द्वारा पहले से ही फोटोवोल्टिक प्रणाली स्थापित की जा चुकी है तथा पात्र उपभोक्ताओं ने अपने-अपने विद्युत बिलों में सौर इकाइयों के उत्पादन से होने वाले लाभ के अपने-अपने अंश के लिये सहमति व्यक्त की है, जिनका विवरण भी इस समझौते में निर्दिष्ट कियागया

4. तकनीकी तथा अन्तर्सम्बन्ध अपेक्षायें

4.1 रेस्को एवं पात्र उपभोक्ता सहमति देते हैं कि डिस्कॉम के वितरण तंत्र से फोटोवोल्टिक प्रणाली को जोड़ने से पूर्व उसने एक पार्थक्य (आइसोलेशन) यंत्र(स्वचालित तथा इन्वर्टर के भीतर निर्मित व बाह्य हस्तचालित रिले दोनों) अधिष्ठापित कर लिये हैं या अधिष्ठापित कर लेगा तथा आवश्यक होने पर, इस तक डिस्कॉम के अभिगमन तथा इसके परिचालन तथा वितरण तंत्र की मरम्मत एवं संधारण की सहमति देता है।

4.2 रेस्को एवं पात्र उपभोक्ता सहमति देते है कि डिस्कॉम के तंत्र पर विद्युत-बन्दी की दशा में, फोटोवोल्टिक प्रणाली बंद हो जायेगी, जब तक कि फोटोवोल्टिक प्रणाली पर विशेष स्थानांतरण और पार्थक्य (आइसोलेशन)क्षमताएं अधिष्ठापित नहीं की जातीं।

4.3 नेट मीटर और नवीकरणीयऊर्जा मीटर की तकनीकी विशिष्टता डिस्कॉम के अनुरूप होनी चाहिये।

4.4 वितरण तंत्र से जुड़े सभी उपकरण, सुसंगत अन्तर्राष्ट्रीय(आईईई/आर्इसी)या भारतीय मानकों (बीआईएस) के अनुवर्ती होंगे तथा विद्युतीय उपकरणों की अधिष्ठापना समय-समय पर यथा संशोधित भारतीय विद्युत नियम, 1956 केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (वितरित उत्पादन संसाधनों की कनेक्टिविटी के लिये तकनीकी मानक) विनियम, 2013 की अनुपालना में होंगे।

4.5 रेस्को एवं पात्र उपभोक्ता सहमति देते है कि डिस्कॉम इंटरफेस/अन्तर्सम्बन्ध बिन्दु तथा मीटरिंग बिन्दु निधार्रित करेगा।

4.6 रेस्को एवं पात्र उपभोक्ता अंतर्राष्ट्रीययया भारतीय मानकों और/या आयोग/डिस्कॉम द्वारा प्रदान कियेगये अन्य ऐसे उपायों के अनुसार विद्युत गुणवत्ता उपायों का अनुसरण/पालन करने के लिये सहमत हैं।

4.7 रेस्को एवं पात्र उपभोक्ता डिस्कॉम द्वारा मांगे जाने पर अपने सिस्टम में वोल्टेज, आवृत्ति, ब्रेकर, आइसोलेटर स्थिति जैसे सभी डेटा प्रस्तुत करने के लिये सहमत हैं। पात्र उपभोक्ता वास्तविक समय परिचालन डेटा के अॉनलाइन हस्तांतरण की सुविधा भी प्रदान करेगें।

4.8 रेस्को एवं पात्र उपभोक्ता नवीकरणीयऊर्जा प्रणाली को प्रारम्भ करने के लिये केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (वितरित उत्पादन संसाधनों की कनेक्टिविटी के लिये तकनीकी

मानक)विनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करेंगे और वितरण अनुज्ञप्तिधारी को अनुमोदन की प्रतियां प्रस्तुत करेंगे।

4.9 रेस्को एवंपात्र उपभोक्ता सहमति देते हैं कि डिस्कॉम पारदर्शिता और सुविधा के लियेनवीकरणीयऊर्जा प्रणाली के आवेदन और पंजीकरण से संबंधित संपूर्ण जानकारी अपनी वेबसाइट या वेब पोर्टल पर रख सकता है।

5. सुरक्षा:

5.1 रेस्को एवं पात्र उपभोक्ता केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा और विद्युत आपूर्तिसे संबंधित उपाय) विनियम 2010 का अनुपालन करेगें।

5.2 रेस्को एवंपात्र उपभोक्ता सहमति देते हैं कि फोटोवोल्टिक प्रणाली का डिजाइन, अधिष्ठापन, संधारण और संचालन फोटोवोल्टिक प्रणाली के साथ-साथ डिस्कॉम के वितरण तंत्र की सुरक्षा के अनुकूल तरीके से किया जायेगा।

